भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
14.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1371 का उत्तर

कांजनगाड़-काणियूर रेल लाइन

1371. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कासरगोड के लोगों द्वारा कई वर्षों से कांजनगाड़-काणियूर रेल लाइन की मांग की जा रही है;
(ख) क्या सरकार द्वारा परियोजना के प्रारंभिक सर्वेक्षण के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी, वित्तीय और पारिस्थितिकीय व्यवहार्यता जैसी अन्य बाधाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या केन्द्र सरकार को इस परियोजना की लागत में हिस्सेदारी करने के लिए राज्य सरकारों अर्थात् कर्नाटक और केरल से सहमति प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) सरकार द्वारा इस कांजनगाड़-काणियूर रेल लाइन को वास्तविकता में बदलने के लिए क्या कदम उठाए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): पनाथुर के रास्ते कांजनगाड़-काणियूरु (90.5 किलोमीटर) नई लाइन के लिए सर्वेक्षण 2020 में पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित संरेखण केरल और कर्नाटक राज्य से होकर गुजरता है। केरल राज्य सरकार ने केरल राज्य में पड़ने वाले हिस्से के लिए भूमि लागत का केवल 50% साझा करने की सहमति दी है। सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विचार किया गया है। बहरहाल, कम यातायात क्षमता के कारण परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

*****